पंचदश बिहार विधान सभा

सप्तम् सत्र

ध्यानाकर्षण सूचना

निम्नलिखित ध्यानाकर्षण सूचनायें बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-104(3) के अन्तर्गत दिनांक-30.11.2012 के लिए अध्यक्ष महोदय द्वारा स्वीकृत की गयी है ।

क्र० सं०	सदस्य का नाम	विषय	विभाग
1	2	3	4
1.	श्री ललन राम, स०वि०स० श्री कृष्णनन्दन यादव, स०वि०स० श्री सत्यदेव सिंह, स०वि०स०	''गया जिला अन्तर्गत बोधगया थाना के ग्राम न्युतारीडीह (भागलपुर) के जमीन के खाता संख्या-230, प्लॉट नं०-243 पर वर्ष 2011 से असामाजिक तत्वों द्वारा दखल कब्जा कर चहारदिवारी का निर्माण करा लिया है, जिससे आस-पास के निवासी यथा रामऔतार प्रजापत, पिता-स्व० चनारिक प्रजापत इत्यादि ग्रामीणों के बीच भय व्याप्त है एवं इस घटना के कारण वहां विधि-व्यवस्था की समस्या भी उत्पन्न हो गई है । अतएव उक्त भू-खण्ड को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराकर विधि व्यवस्था कायम कराने हेतु हम सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हैं ।''	गृह (आरक्षी)

1	2	3	4
2.	श्री अवधेश कुमार राय, स०वि०स०	"बेगूसराय जिलान्तर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से निर्माणाधीन पथ चमथा स्वास्थ्य केन्द्र से चिड़ैयाटांक, भवानी अहियापुर से धकजरी, चमथा बड़खूंट से चमथा घाटा पथ, NH-28 से शिवूटोल पुराना एवं शिवूटोला नया, झमटिया घाट से चमथा गोपालपुर पथ चमथा कुर्मी टोल, गणपतौल गोसपुर सोहिलवारा, आलमचक रोड से राजापुर राघो, ईशापुर से समस्तीपुर सीमा, NH-28 से अयोधिया रेलवे गुमटी, रूदौली जहानपुर, मरौल पथ, पुरानी चक सोहिलआरा, जगदीशपुर बनवारीपुर, पाली चुड़ामन चक बसही, मानोपुर मोख्तियारपुर आदि कुल-38 पथ में विगत दस वर्षो से काम नहीं होने से बड़ा-बड़ा गड्ढा बन जाने के कारण आवागमन ठप्प हो गया है । डेढ़ दो लाख की आबादी का जीना दूभर हो गया है । अतः लोकहित में उपरोक्त पथों के निर्माण शीघ्र करवाने हेतु मैं सरकार का ध्यान आकृष्ट करता हूँ ।''	ग्रामीण कार्य

लक्ष्मीकान्त झा
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-34/12- 1674 / वि०स०, पटना, दिनांक- 29 नवम्बर, 2012 ई० ।

प्रति :- बिहार विधान सभा के सदस्यगण / मुख्य मंत्री / मंत्रिगण / मुख्य सचिव, बिहार एवं राज्यपाल के प्रधान सचिव / लोकायुक्त के आप्त सचिव / सचिव, बिहार विधान परिषद् / महाधिवक्ता, बिहार, पटना / संसदीय कार्य विभाग / गृह (आरक्षी) विभाग तथा ग्रामीण कार्य विभाग के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

29/11/12
(राजकुमार रजक)
उप सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-34/12- 1674 / वि०स०, पटना, दिनांक- 29 नवम्बर, 2012 ई० ।

प्रति :- अवर सचिव, अध्यक्षीय कार्यालय / अपर आप्त सचिव, उपाध्यक्षीय कार्यालय / अवर सचिव, सचिवीय कार्यालय को क्रमशः माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय उपाध्यक्ष महोदय एवं प्रभारी सचिव, बिहार विधान सभा के सूचनार्थ प्रेषित ।

29/11/12
(राजकुमार रजक)
उप सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।